एनएसएसइकाई
उत्कृष्टमहाविद्यालयसंजौली।

गुरु आपने बनाया है मुझे इस योग्य
की प्राप्त कर सकूं मैं अपना लक्ष्य
दिया आपने हर समय सहारा
जब भी लगा मुझे मैं हारा

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली एनएसएस इकाई ने मनाया अध्यापक दिवस अध्यापकों का किया धन्यवाद

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली एनएसएस ईकाई ने कार्यक्रम द्वारा अध्यापक दिवस मनाया इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय के प्राचार्य सी बी मेहता सर उनके साथ एनएसएस कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ मीनाक्षी शर्मा विकास नाथन जी मौजूद रहे

कार्यक्रम की शुरुआत समूह गान से की गई जो कि सभी एनएसएसएन स्वयंसेवियो ने अध्यापकों के लिए गाया तत्पश्चात एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपने हुनर से अध्यापकों का मनोरंजन किया तथा अध्यापकों का धन्यवाद किया जिन्होंने हमें अपने पैरों पर खड़ा होने के काबिल बनाया इस काबिल बनाया कि हम जीवन पथ पर कभी हार ना माने हमेशा आगे बढ़ते रहें अपना अपने परिवार का व अपने अध्यापकों का नाम रोशन कर सकें

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली के प्राचार्य डॉक्टर चंद्रभान मेहता बहुत प्रसन्न नजर आए और उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों की अध्यापकों की सराहना की तथा सभी छात्रों को अपने आशीर्वाद से नवाजा और जीवन पथ में इसी तरह आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया तत्पश्चात एनएसएस संजौली इकाई के कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ मीनाक्षी शर्मा और डॉ विकास नाथन ने महाविद्यालय के प्राचार्य का धन्यवाद किया तथा एनएसएस स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए इस कार्यक्रम के प्रति अपनी खुशी जाहिर की तथा इसी तरह जीवन में आगे बढ़ने का सकारात्मक संदेश दीया

जय हिंद
जय एनएसएस